## 2021/TDC/CBCS/ODD/HINLAN–301T/218

**TDC (CBCS) Odd Semester Exam., 2021**
**held in March, 2022**

# HINDI

**( 3rd Semester )**

Course No. : HINLAN–301T

**( Hindi Rachana )**

*Full Marks* : 70
*Pass Marks* : 28

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**खण्ड—क**

निम्नलिखित अति लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **बीस** के उत्तर दीजिए : 1×20=20

**1.** निबंध का शाब्दिक अर्थ क्या है?

**2.** निबंध शब्द का अंग्रेजी पर्याय क्या है?

**3.** निबंध के कितने तत्त्व होते हैं?

**4.** निबंध साहित्य की किस विधा के अंतर्गत आता है?

*( Turn Over )*

5. निबंध की भाषा कैसी होनी चाहिए?

6. औपचारिक पत्राचार किसे कहते हैं?

7. किन्हीं दो वाणिज्यिक पत्रों के नाम लिखिए।

8. 'निविदा' का अंग्रेजी पर्याय क्या है?

9. किन्हीं दो प्रशासनिक पत्रों के नाम लिखिए।

10. शिकायती पत्र किसे कहते हैं?

11. पारिभाषिक शब्द किसे कहते हैं?

12. निम्नलिखित अंग्रेजी पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दो** के हिन्दी रूप लिखिए :

    Supervisor ; Accounts Department ; Cashier ; Academic.

13. Central Institute of Education का हिन्दी रूप लिखिए।

14. पारिभाषिक शब्द को अंग्रेजी में क्या कहा जाता है?

15. पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग क्यों होता है?

16. सूक्ति का अर्थ लिखिए।

17. संक्षेपण किसे कहते हैं?

18. पल्लवन से क्या तात्पर्य है?

**19.** संक्षेपण की एक विशेषता लिखिए।

**20.** पल्लवन की रचना किस पुरुष में होनी चाहिए?

**21.** अनुस्वार किसे कहते हैं?

**22.** हिन्दी का सही पदक्रम लिखिए।

**23.** 'श' और 'ष' का उच्चारण स्थान लिखिए।

**24.** निम्नलिखित में से किसी **एक** वाक्य को शुद्ध कीजिए :

(क) मैंने तेरे को बहुत समझाया।

(ख) सीता ने भात खाई।

**25.** निम्नलिखित में से किसी **एक** का शुद्ध रूप लिखिए :

हिरदय ; सोंस्कार।

**खण्ड—ख**

निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

**26.** ललित निबंध किसे कहते हैं?

**27.** निबंध के किन्हीं दो प्रकारों के नाम लिखिए।

**28.** वाणिज्यिक पत्र किसे कहते हैं?

**29.** आदेशपत्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

**30.** हिन्दी के चार पारिभाषिक शब्द लिखिए।

**31.** पारिभाषिक शब्दावली के किन्ही दो प्रकारों के नाम लिखिए।

**32.** पल्लवन की चार विशेषताओं के नाम लिखिए।

**33.** संक्षेपण में शीर्षक का क्या महत्त्व होता है?

**34.** अनुनासिक का अर्थ लिखिए।

**35.** हिन्दी में 'यी' और 'ई' के प्रयोग संबंधी दो नियमों को लिखिए।

## खण्ड—ग

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए :

8×5=40

**36.** निबंध के प्रमुख तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

**37.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए :

(क) कोविड–19 : एक महामारी

(ख) ऑनलाइन शिक्षा के लाभ और हानि

(ग) राजभाषा हिन्दी का महत्त्व

(घ) मेरा प्रिय साहित्यकार

**38.** औपचारिक पत्र की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

**39.** परिपत्र **अथवा** पूछताछ के पत्र का प्रारूप लिखिए।

**40.** पारिभाषिक शब्दावली की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

**41.** पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के प्रमुख सिद्धांतों को लिखिए।

**42.** उपयुक्त शीर्षक देकर अद्योलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिए :

वास्तव में मनुष्य स्वयं को देख नहीं पाता। उसके नेत्र दूसरों के चरित्र को देखते हैं, उसका हृदय दूसरों के दोषों का अनुभव करता है। उसकी वाणी दूसरों के अवगुणों का विश्लेषण कर सकती है, किन्तु उसका अपना चरित्र, उसके अपने दोष एवं उसके अवगुण, मिथ्याभिमान और थोथे आत्म-गौरव के काले आवरण में इस प्रकार प्रच्छन्न रहते हैं कि जीवन-पर्यंत उसे दृष्टिगोचर ही नहीं हो पाते। इसलिए मनुष्य स्वयं को सर्वगुण-संपन्न देवता समझ बैठता है। क्षुद्र व्यक्ति एवं मस्तिष्क अपनी क्षुद्र सीमा से परे किसी भी वस्तु का सही मूल्य आँकने में असमर्थ रहते हैं। इसलिए व्यक्ति स्वयं के द्वारा जितना छला जाता है, उतना किसी अन्य के द्वारा नहीं।

**43.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय को पल्लवित कीजिए :

(क) सठ सुधरहिं सत संगति पाई

(ख) दया धर्म का मूल है

**44.** वर्तनी का अर्थ क्या है? वर्तनीगत अशुद्धि के प्रमुख कारणों को लिखिए।

**45.** हिन्दी में कितने विराम चिह्न होते हैं? सोदाहरण लिखिए।

★★★